**NEWS CLIPPING: 10.04.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में स्टूडेंट्स को मिलेंगे रोजगार के अवसर

**फरीदाबाद** | विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में 20 अप्रैल को 'इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018' का आयोजन होगा। यह औद्योगिक एवं अकादमिक क्षेत्र के विशेषज्ञों के लिए चर्चा हेतु एक मंच उपलब्ध कराएगा। इसका मुख्य विषय 'रोजगार व उभरती हुई प्रौद्योगिकी' रहेगा। कॉन्क्लेव में विभिन्न उद्योगों से 150 से ज्यादा प्रतिनिधियों के हिस्सा लेने की संभावना है। कॉन्क्लेव का आयोजन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा इंडस्ट्रियल रिलेशंस प्रकोष्ठ व एलुमिनी एवं कारपोरेट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस एक दिवसीय कॉन्क्लेव को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

**NEWS CLIPPING: 10.04.2018**

**HINDUSTAN**

# अकादमिक बदलावों पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे

फरीदाबाद| वरिष्ठ संवाददाता

युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर देने के लिए वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 20 अप्रैल को एक दिवसीय इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018 का आयोजन होगा। इस सम्मेलन में औद्योगिक और अकादमिक क्षेत्र के विशेषज्ञ चर्चा करेंगे।

रोजगार तथा उभरती हुई प्रौद्योगिकी विषय पर होने वाली इस चर्चा में अकादमिक पाठ्यक्रम में जरूरी बदलावों पर विचार साझा किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग, इंडस्ट्रियल रिलेशंस प्रकोष्ठ और एलुमनाई एवं कारपोरेट प्रकोष्ठ की ओर से होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न उद्योगों से 150 से ज्यादा प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि औद्योगिक व अकादमिक अंतराल को खत्म करना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। जिससे कि छात्रों के लिए रोजगार की बेहतर संभावनाएं पैदा की जा सकें।

विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. लखविंद्र सिंह और सुमन वशिष्ठ ने बताया कि कार्यक्रम में औद्योगिक विशेषज्ञ छात्रों के साथ संवाद करेंगे। एलुमनाई एवं कारपोरेट प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. संजीव गोयल और इंडस्ट्रियल रिलेशन्स प्रकोष्ठ की निदेशक डॉ. रश्मि पोपली ने बताया कि सम्मेलन के दौरान नए रोजगार, उभरती नई तकनीकों, उद्योगों की मांग आदि पर चर्चा होगी।

**NEWS CLIPPING: 10.04.2018**

**NAVBHARAT TIMES**

# 20 अप्रैल को होगा 'इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018' का आयोजन

**वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद :** विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 20 अप्रैल को एक दिवसीय 'इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018' का आयोजन किया जाएगा। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. लखविंद्र सिंह व सुमन वशिष्ठ का दावा है कि यह सम्मेलन औद्योगिक एवं अकादमिक क्षेत्र के विशेषज्ञों के लिए औद्योगिक-अकादमिक अंतराल पर चर्चा के लिए एक मंच उपलब्ध करवाएगा। इसका मुख्य विषय 'रोजगार तथा उभरती हुई प्रौद्योगिकी' रहेगा। कॉन्क्लेव में विभिन्न उद्योगों से 150 से ज्यादा प्रतिनिधियों के हिस्सा लेने की संभावना है। सम्मेलन का आयोजन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा इंडस्ट्रियल रिलेशन्स प्रकोष्ठ तथा एलुमनई एवं कॉरपोरेट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस एक दिवसीय सम्मेलन को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय द्वारा औद्योगिक-अकादमिक अंतराल को भरने की दिशा में उचित कदम उठाना है, ताकि विद्यार्थियों की रोजगार क्षमताओं को बढ़ाया जा सके।

**AMAR UJALA**

# इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के माध्यम से छात्रों को मिलेगा रोजगार मंच, वाईएमसीए विवि में 20 को आयोजन

**फरीदाबाद।** विद्यार्थियों को रोजगार का अवसर देते हुए वाईएमसीए विश्वविद्यालय में 20 अप्रैल को इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018 का आयोजन किया जाएगा। इसमें कॉन्क्लेव में 150 से ज्यादा कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। वाईएमसीए के प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि औद्योगिक एवं अकादमिक क्षेत्र के विशेषज्ञों के लिए एक मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका विषय रोजगार और उभरती हुई प्रौद्योगिकी होगा। कॉन्क्लेव का आयोजन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा इंडस्ट्रियल रिलेशंस सेल और एलुमनी एवं कारपोरेट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस एक दिवसीय सम्मेलन को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 10.04.2018**

**PUNJAB KESARI**

# 'इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018' का आयोजन 20 अप्रैल को

फरीदाबाद, 9 अप्रैल (सूरजमल): विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद द्वारा 20 अप्रैल को एक दिवसीय 'इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018' का आयोजन किया जाएगा।

यह सम्मेलन औद्योगिक एवं अकादमिक क्षेत्र के विशेषज्ञों के लिए औद्योगिक-अकादमिक अंतराल पर चर्चा के लिए एक मंच उपलब्ध करवाएगा, जिसका मुख्य विषय 'रोजगार तथा उभरती हुई प्रौद्योगिकी' रहेगा। कॉन्क्लेव में विभिन्न उद्योगों से 150 से ज्यादा प्रतिनिधियों के हिस्सा लेने की संभावना है। सम्मेलन का आयोजन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा इंडस्ट्रियल रिलेशन्स प्रकोष्ठ तथा एलुमनई एवं कारपोरेट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस एक दिवसीय सम्मेलन को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय द्वारा औद्योगिक-अकादमिक अंतराल को भरने की दिशा में उचित कदम उठाना है ताकि विद्यार्थियों की रोजगार क्षमताओं को बढ़ाया जा सके। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डा. लखविन्द्र सिंह तथा सुमन वशिष्ठ ने बताया कि यह सम्मेलन रोजगार प्रदाताओं तथा शिक्षण संस्थान के बीच संवाद का ऐसा मंच है, जहां औद्योगिक विशेषज्ञ विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझे करेंगे जिससे विद्यार्थियों को मौजूदा औद्योगिक मांग के अनुरूप खुद का तैयार करने में मदद मिलेगी।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Tue, 10 April 2018
epaper.punjabkesari.in//c/277516

**NEWS CLIPPING: 10.04.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# वाईएमसीए विवि में इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव 20 को

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में 20 अप्रैल को इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव-2018 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य विषय रोजगार तथा उभरती हुई प्रौद्योगिकी रहेगा। कॉन्क्लेव में विभिन्न उद्योगों से 150 से ज्यादा प्रतिनिधियों के हिस्सा लेने की संभावना है।

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग, इंडस्ट्रियल रिलेशंस प्रकोष्ठ और एलुमनई एवं कारपोरेट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ.लखविंद्र सिंह तथा सुमन वशिष्ठ ने बताया कि यह सम्मेलन रोजगार प्रदाताओं तथा शिक्षण संस्थान के बीच संवाद का ऐसा मंच है, जहां औद्योगिक विशेषज्ञ विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। इससे विद्यार्थियों को मौजूदा औद्योगिक मांग के अनुरूप खुद को तैयार करने में मदद मिलेगी। विद्यार्थियों के अभिनव विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें विद्यार्थी अपने अभिनव विचारों को पोस्टर प्रेजेंटेशन तथा मॉडल्स के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।